हिरन की जलधार बन्द : कई स्थानों पर सूख गई नदी

▸ नागरिकों को जूझना पड़ेगा पानी की समस्या से

सिहोरा। अंचल की जीवन रेखा हिरन नदी गर्मी के प्रथम चरण अर्थात वर्तमान अप्रेल माह में ही सूखने लगी है। तेज गर्मी और लगातार जल के दोहन के कारण हिरन नदी पर संकट के बादल नजर आने लगे हैं। ऐसे में हिरन नदी से लगे ग्रामों में भूजलस्तर लगातार नीचे खिसक गया है, अनेक ग्रामों के हेण्डपम्प बन्द हो गए हैं।

जलसंकट की स्थिति के हालात हैं।ग्रामीण इलाकों में लोग पेयजल की समस्याओं के चलते खेत के बोर से पानी के लिए मजबूर हो गए हैं। सामने जलसंकट गहराने लगा है।मालूम रहे कि गांवों में हिरन नदी के पानी से ही जलस्त्रोतों में पीने के पानी का जलस्तर बना रहता है। गर्मी में अपेक्षाकृत वृद्धि से जलसंकट गहराने से मई-जून माह में हालात और भयावह हो जाएगे।

गर्मी के प्रथम चरण में ही सूखने लगी

हिरन नदी के लगातार सूखने को और जलसंकट को लेकर पिछले वर्ष ऐसी ही स्थिति बनी थी ,गत वर्ष मई माह में पड़ी भीषण गर्मी के चलते हिरन नदी पूरी तरह सूख गई थी। जिससे आसपास के ग्रामों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मच गया था। गत वर्ष मई माह के प्रथम सप्ताह में बरगी दायीं तट नहर से पानी हिरन में छोड़ा गया था ।किंतु लगभग एक सप्ताह से अधिक समय से अप्रेल के प्रारंभ में ही हिरन नदी की धार टूट चुकी है। हिरन नदी में नहर का पानी नही आने से हिरन नदी के कई स्थानों पर रेगिस्तान की शक्ल में नजर आ रहे हैं।

इन ग्रामों में पानी की समस्या

एक सप्ताह से अधिक समय से समस्या जटिलता की ओर बढ़ गई है। हिरन नदी के किनारे व आसपास के ग्रामों में खिन्नी, कैथरा, चन्नौटा, मल्हना,कूड़ा, कंजई, घाटसिमरिया, मोहतरा, ताला, देवरी, शहजपुरा पानी का जलस्तर क्रमशः कम होता जा रहा है कई ग्रामों में हेण्डपम्प बन्द होने लगे हैं।

हिरन के सूखने का कारण

अंचल की जीवन दायिनी हिरन नदी से रेत माफिया ने बेतहाशा रेत का उत्खनन किया। जिसके चलते हिरन का वेग लगातार कम होता गया। यही वजह की अप्रेल माह के शुरुआत में ही हिरन नदी की धार टूट गई है।जबकि यह स्थिति मई माह में होती थी।

गर्मी बढ़ने से अभी और बिगड़ेंगे हालात

हिरन नदी अनेक स्थानों पर सूखना प्रारम्भ हो चुकी है। गर्मी की रफ्तार बढ़ने पर और अधिक जलसंकट के आसार बन सकते हैं। जलापूर्ति के लिए पानी रोकने अस्थाई स्टापडेम बनाना आवश्यक है या बरगी दायीं तट की मुख्य नहर से हिरन नदी में पानी छोड़ना आवश्यक है ।

यह केवल जन्मतिथि नहीं, एक विचार क्रांति की शुरुआत : रत्नेश

बाबा साहब की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा ने किया दीपोत्सव

जबलपुर। आज हम सब यहां एक महान व्यक्तित्व को याद करने के लिए इकट्ठा हुए हैं, जिनका नाम सुनते ही भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की भावना हमारे मन में जाग उठती है। वो हैं नाम है भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी का जिनकी जन्म जयंती 14 अप्रैल को होती है और यह दिन, केवल एक जन्मतिथि नहीं, बल्कि एक विचार क्रांति की शुरुआत का प्रतीक है, यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भाजपा द्वारा बाबा साहब की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में अम्बेडकर चौक में कही। भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा का चांदी के पात्र से जलाभिषेक किया गया इसके बाद पूजन कर माल्यार्पण किया गया। कार्यकर्ताओ ने इस अवसर पर प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रत्नेश सोनकर, पंकज दुबे, रजनीश यादव, संदीप जैन, जय सचदेवा, रोहित जैन, रंजीत पटेल, लालू यादव, प्रणीत वर्मा, योगेंद्र राजपूत, शिवा चौधरी, डिंपी विश्वकर्मा, सीमा सिंह, रूपा राव, उबेज अंसारी, प्रमोद चोहतेल, संतोष झारिया, उज्ज्वल पचौरी, दुर्गा उपाध्याय, योगेश लोखंडे, नरेश पटेल, अशोक रोहितास, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा उपस्थित थे।

हनुमान जी के जन्मोत्सव पर एकता और सौहार्द दिखा

पनागर । हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाबली प्रखंड पनागर द्वारा शोभायात्रा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। यह आयोजन बस स्टैंड से शुरू हुआ, जिसमें अखाड़े और हनुमान जी महाराज की झांकी शामिल हुई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि-उत्तम मिरी जी और दीपक तिवारी, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ,जिला सहमंत्री कन्हैया रजक, सचिन पांडे और नितिन ठाकुर,जिला गौरक्षा प्रमुख संतोष पटेल बंटी, प्रखंड अध्यक्ष शिवदत्त व्यास,बजरंग दल के सदस्य आशीष कुशवाहा, ब्रजेश बर्मन,छुट्टू चौधरी के द्वारा शोभायात्रा में अखाड़े और हनुमान जी महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं।बिटिया निकिता केवट के द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन की सराहना की गई। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सभी व्यापारियों ने सहयोग किया।आभार प्रदर्शन जिला सह मंत्री नितीन ठाकुर के द्वारा किया गया। भगवान हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर नगर में उत्साह और भक्ति का माहौल दिखा।हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में नगरवासियों ने उत्साह और भक्ति के साथ भाग लिया। इस तरह के आयोजन से समुदाय में एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा मिलता है ।

महिला ने सल्फास की गोली खाई, मौत

जबलपुर। मझगवॉ ग्राम धनगवॉ में एक महिला ने रविवार सुबह सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। जानकार पुलिस के मुताबिक राजभान गौतम 48 वर्ष निवासी ग्राम धनगवॉ ने बताया कि वह खेती किसानी करता है उसके 2 बच्चे हैं उसकी पत्नि संगीता का शादी के पूर्व से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, ससुरल वाले व उसके द्वारा पत्नि का जबलपुर में इलाज चल रहा था , कभी कभी घर से चली जाती थी किसी के भी साथ मारपीट कर देती थी, पत्नी संगीता ने सल्फास की गोली खा ली। घर के अंदर सल्फास की 2 डिब्बी 1 खाली एवं 1 भरी मिली।

शास . उमावि गांधीग्राम में सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापित

डीईओ घनश्याम सोनी व प्राचार्य डॉ राकेश शर्मा ने पूजन किया

सिहोरा। पं.जगन्नाथ प्र.मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीग्राम में आज विद्या की देवी माँ सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई।

विद्वान पंडितों के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ प्रतिमा का पूजन किया गया।इस शुभ अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर माँ सरस्वती की आराधना की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश शर्मा ने भी पूजन में सक्रिय रूप से भाग लिया और माँ सरस्वती से विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। पंडितों ने माँ सरस्वती की महिमा का गुणगान करते हुए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और भक्तिमय माहौल में माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने इस अवसर पर कहा कि माँ सरस्वती विद्या और ज्ञान की देवी हैं और उनकी प्रतिमा की स्थापना से विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ राकेश शर्मा ने कहा कि विद्यालय परिवार माँ सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना से अत्यंत प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा विद्यार्थियों को विद्यार्जन के लिए हमेशा प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। पूजन कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर साला प्राचार्य डॉ राकेश शर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी,अमरीश पांडे , अरुण पाठक , श्रीमती मंजुला शर्मा, अनिल शर्मा, पुष्पराज सिंह बघेल , भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,अभिषेक कुररिया, सरपंच राधा चौरसिया, जनपद सदस्य अनीता राजेश त्रिपाठी, शिक्षक जे के उपाध्याय, रजनीश दुबे, प्रदीप दीक्षित,सीमा उपाध्याय, राकेश चौरसिया, शिवदत्त मिश्रा, मनीष त्रिपाठी,उत्तम तिवारी सहित शाला परिवार एवं संकुल के शिक्षक उपस्थित रहे।

श्रमिकों को पिकअप ने मारी टक्कर, चार घायल

जबलपुर। कटंगी थाना दरगाह हजरत जिंदा शाह वली मजार के सामने दमोह तरफ से आ रही पिकअप पिकअप ने गेहूं की कटाई कर लौट रहे श्रमिकों को टक्कर मार दी हादसे में चार घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिसके मुताबिक मोतीलाल काछी 25 वर्ष निवासी ग्राम मढ़ियादो जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एवं उसका भाई बब्लू काछी एवं साथ में काम करने वाले मंगल अहिरवार, रूबीना बानो, आमिर खान, राजा खान के साथ गेहूं की कटाई करने दमोह से ग्राम पड़रिया आये थे ग्राम पड़रिया से काम करने के बाद पड़रिया से कटंगी पैदल आ रहे थे दरगाह हजरत जिंदा शाह वली मजार के सामने दमोह तरफ से आ रही पिकअप क्रमंक एमपी 20 जेड एफ 2465 का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसके भाई बब्लू काछी, मंगल अहिरवार, रूबीना बानो एवं आमिर को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे चारों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आईं है।

पोषण पखवाड़ा : महिलाओं और बच्चों ने सीखा स्वास्थ्य और पोषण का महत्व

पनागर । महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग और सुपरवाइजर के मार्गदर्शन में चोखण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों के वजन और स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक सलाह दी गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ता चंदन केवट और सहायिका ममता चौरसिया उपस्थित थीं। कार्यक्रम का उद्देश्य के बारे में जानकारी दे गई। महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें।आने वाले समय में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक किया जा सके और भविष्य के जानकारी दे गई ।

एमएच क्लब ने जेपी एकेडमी को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा

नवभारत, जबलपुर। जेपी क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में सत्य प्रकाश स्कूल में खेली जा रही पहली स्वर्गीय पराग चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन जेपी एकेडमी और कोच ज्योतिष पांडे और अंशुल मिश्रा और भट्टाचार के सहयोग से संस्कारधानी के उभरते खिलाड़ियों को नया मंच मिला। शहर में पहली बार अंडर 13 क्रिकेट मैच का लाइफ कवरेज से बच्चों के अभिभावकों में भी काफी खुशी जाहिर की। फाइनल मैच एमएच क्लब और जेपी एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें एमएच क्लब ने जेपी एकेडमी को 66 रनों से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएच क्लब ने शानदार बैटिंग करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 176 रनों का लक्ष्य जेपी एकेडमी को दिया। एमएच एकेडमी ने यह मैच 66 रनों से जीत कर चमचमाती ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। मैच में मुख्य अतिथि एमपीसीए द्वारा निर्मत जबलपुर की क्रकेटी कमेटी के मैंबर अचल सिंह गौर द्वारा बच्चों को क्रिकेट की बारिकियों से अवगत कराते हुए पुरस्कार वितरित किए। जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच एमएच के जय हलुवा को बेस्ट बेटर टूर्नामेंट का अवार्ड प्रदान किया। बेस्ट बॉलर, प्लेयर ऑप द सीरिज आर्यवीर को प्रदान की गई।

बिजली की आवाजाही से लोग परेशान

धंधा व्यापार चौपट :नल जल योजना प्रभावित

सिहोरा। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सिहोरा डिवीजन के अंतर्गत संचालित विद्युत वितरण केंद्र गोसलपुर मे पिछले एक सप्ताह से बिजली की आंख मिचौली के कारण आम जनमानस बेहद परेशान है लोगों ने बताया की दिन में लगभग बीस मर्तबा बिजली ट्रिप करती है ऐसे में जहां एक ओर लोग बिजली कटौती से परेशान है वहीं दूसरी ओर बार-बार की बिजली ट्रिपिंग से विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं साथ ही बिजली परआश्रित व्यापार जैसे फोटो कॉपी वेल्डिंग दुकान आटा चक्की कारखाने बुरी तरह प्रभावित होते हैं जिससे व्यापारियों का भारी नुकसान होरहा है ग्राम पंचायत गोसलपुर की सरपंच श्रीमती गिरिजा जितेंद्र पालीवाल ने बताया की गोसलपुर टाउन में पिछले एक हफ्ते से लगातार हो रही बेतहाशा विद्युत कटौती के कारण गांव में नल जल व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है जिससे गांव के अनेक वार्डों मे पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है और लगातार पानी की समस्या बढ़ती जा रही है उनके द्वारा इस आशय की मौखिक शिकायत जनपद व के जिम्मेदार अधिकारियों से भी की गई है ग्राम के सचिन नेमा विनोद तिवारी संजू ताम्रकार अजीम खान सुरेंद्र श्रीवास राहुल तंतुवाय अरूण सराफ राजा दुबे बिहारी सेन पवन पटेल कमल पटैल अनमोल जैन आदर्श चौहान अशोक बाजपेई गिरिराज किशोर साहू उमेश लोधी नरेंद्र दुबे का कहना है की बिजली कटौती से सबसे ज्यादा परेशानी लोगो को इस भीषण गर्मी मे झेलनी पड रही है गर्मी का मौसम शुरू हो गया है ऐसे में बिना पंखा कूलर के रहना संभव नही है वही रात के समय अंधेरे मे जहरीले जीव जंतुओं का लोगों को भय सताता रहता है वही अनेक सर्पदंश जहरीले जीव जंतुओं के काटने से लोगों की मौतें भी चली जाती है एंव मच्छरो का प्रकोप भी तेजी से बढा है लोगों ने इस दिशा में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से ध्यान देकर शीघ्र ही अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

नि :शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर से 285 लोग लाभांवित

सिहोरा। विश्व होम्योपैथी दिवस जो कि हर वर्ष होम्योपैथी के संस्थापक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता हैं जिसे आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत मनाया गया ,इस अवसर पर थीम अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान आयुष्मान आरोग्य मंदिर अगरिया द्वारा मुख्य बाजार अगरिया मे जिला आयुष अधिकारी डॉ. अर्चना मरावी मैडम के निर्देशानुसार निःशुल्क मेगा होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सरपंच, समस्त पंचों , गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शिविर में उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क होम्योपैथी औषधि वितरण किया गया।साथ ही डॉ. मारुति राज सिहोसे आयुष चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति प्राकृतिक और सुरक्षित है बीमारियों के इलाज के साथ ही शारीरिक मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाता है कम लागत और व्यक्तिगत उपचार और बीमारियों के इलाज में प्रभावी है साथ ही होम्योपैथिक के लाभ, उपचार की विधि एवम् परामर्श दिया गया । शिविर में डॉ.मारूति राज सिहोसे, श्रीमती वंदना त्रिपाठी ,अरुण झारिया के सहयोग से कुल 285 लोगों को लाभ पहुंचाया गया।

ग्राम चौपाल में सांसद ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, किया संवाद

▸ अग्नि हादसे के पीडित किसानों से भी की मुलाकात

सिहोरा। गोसलपुर के निकटवर्ती ग्राम जुझारी में प्राचीन बावली के पास स्थित बरगद के पेड़ के नीचे जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने ग्राम चौपाल लगाकर लोगों से जन संवाद किया एवं उनकी जन समस्याओं को सुना ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए सांसद श्री दुबे ने कहां की भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश में बैठी भाजपा की सरकार आम जनमानस के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजना संचालित कर रही है जिसका लाभ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव घर-घर आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करते हैं । इस मौके पर सिहोरा विधायक संतोष बरकडे ने भी उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। ग्राम चौपाल में पूर्व विधायक दिलीप दुबे,जिला महामंत्री राजेश दाहिया ,अनुपम सराफ ,राजा मोर ,पुष्पराज सिंह बघेल, राजमणि सिंह बघेल ,मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरिया ,अंकित तिवारी, हेमचंद,असाटी ,धर्मेंद्र सिंह राजपूत, के.के.दुबे, अनिल चौधरी ,दीपक पटेल, आकाश जैन ,नीलू बाजपेई, नीरज पांडेय ,राजा सोनी ,अरुण पटैल, रणवीर सिंह, मुस्की पटैल, राजू सेठ, राजा दुबे ,राहुल तंतुवाय सहित अनेक लोग मौजूद थे। पीड़ित किसानों से की मुलाकात गोसलपुर के समीपी ग्राम बंधा एवं मोहतरा ग्राम में विगत सप्ताह गेहूं की लगी खड़ी फसल पर आग लगने से सैकड़ो किसानो की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी अग्नि हादसे के बाद सांसद आशीष दुबे बंधा गांव भी पहुंचे जहां उन्होंने पंचायत भवन में बैठकर किसानों से चर्चा की एवं शासन द्वारा अधिक से अधिक मुआवजा राशि शीघ्रता से दिलाने के निर्देश एसडीएम को दिए इस मौके पर पीडित किसान बडी संख्या मे मौजूद थे । संतृप्त परिवार में पहुंचे जबलपुर सांसद आशीष दुबे कछपुरा निवासी भाजपा के नेता मनीष पटेल के पिता के निधन के पर उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया।

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग-खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई.निविदा भरत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.-01-निविदा सूचना क्रमांक**-डी.आर.एम डब्ल्यू- जे.बी.पी -72- 2025 दिनांक 08.04.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-मंडल अभियंता (दक्षिण) अनुभाग के अंतर्गत इटारसी - जबलपुर सेक्शन पर यार्डों में सुधार के संबंध में, सीटीआर- 4.827 किमी, टीबीआर 1.259 किमी, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यू सीएमएस) 1/12 - 9 नग, 1/8.5 - 43 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यू सीएमएससी) 1/12 - 3 नग, 1/8.5-15 नग और टर्नआउट का टीएसआर 1 इन 12 - 1 नग, 1 इन 8.5-3 नग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये**-3,94,30,761/-, **बयाना राशि रुपये**-3,47,200/-, **समापन अवधि**-12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय** 15.00 बजे -02.05.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** 15.15 बजे-02.05.2025। **क्र. सं.-02-निविदा सूचना क्रमांक**-डी.आर.एम डब्ल्यू- जे.बी.पी -73- 2025 दिनांक 08.04.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-मंडल अभियंता (उत्तर) अनुभाग के अंतर्गत सतना- मानिकपुर और सतना-रीवा खंड पर यार्डों में सुधार के संबंध में, सीटीआर- 1.491 किमी, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस) 1/12 -16 नग, 1 / 8.5-43 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) 1/ 12-11 नग, 1/8.5 - 19 नग और टीटीआर (एफएस) 1 इन 8.5- 1 नग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये**-2,78,82,307/-, **बयाना राशि रुपये**-2,89,400/-, **समापन अवधि**-12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय** 15.00 बजे -02.05.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** 15.15 बजे-02.05.2025। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई - निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

क्र./जविप्रा/2025/सम्पदा/Q1 जबलपुर दिनांक : 13/04/2025

आम सूचना

जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा योजना क्रमांक-64 (ग्राम मोहनियाँ, बहदन, सिमरिया) एवं योजना क्रमांक-65 (ग्राम बसहा, कचनारी, मोहनियाँ, गढ़ा) की अधिग्रहीत भूमियों पर यथाशीघ्र आंतरिक विकास कार्य प्रारंभ कराये जा रहे है। अतः साईट क्लियरेन्स हेतु इस योजना के भूमिस्वामियों को पूर्व में योजनाधीन भूमियों पर खेती कार्य नहीं करने हेतु सूचित किया जा चुका था, किन्तु निरंतर खेती कार्य किया जा रहा है। इस आम सूचना के माध्यम से यो.क्र.-64 एवं यो.क्र.-65 के भूमिस्वामियों को पुनः सूचित किया जाता है कि योजनाधीन भूमियों पर खेती कार्य नहीं किया जाये एवं जनहित तथा शहर विकास के लिये अधोसंरचना विकास में अपना सहयोग प्रदान किया जावे। यदि भूमिस्वामियों द्वारा खेती कार्य चालू रखा जाता है एवं विकास कार्य के दौरान फसलों को क्षति होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण की नहीं होगी।

(मु.का.अधि.महोदय द्वारा यथा आदेशित)

कार्यपालन यंत्री
जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

JANA SMALL FINANCE BANK
(A Scheduled Commercial Bank)

रजिस्टर्ड आफिस :- फेयरवे, ग्राउंड एंड फर्स्ट फ्लोर, सर्वे नं. 10/1, 11/2 एंड 12/2 बी, ऑफ डोमलुर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बंगलौर-560071

ब्रांच आफिस :- प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल (म.प्र.)-462011

सरफेसी एक्ट, 2002 की सेक्शन 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस

जबकि आपने नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं, गारंटरों और बंधककर्ताओं ने अपना बंधक रखकर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया है. अचल संपत्ति. आप सभी द्वारा की गई चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जबकि जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड अधिनियम के तहत एक सुरक्षित ऋणदाता है, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 2002, ने कॉलम नंबर 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को उल्लिखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया. नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज के साथ नोटिस, लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ को नोटिस नहीं दिया जा सका.

क्र.	देनदार/सह-देनदार/ बंधक का नाम	लोन एकाउंट नं. व लोन राशि	लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण	एनपीए तिथि व डिमांड नोटिस तिथि	देय राशि रु./ अनुसार में
1.	1. श्री मुबीन नईम खान आत्मज नईम खान 3. श्रीमती शाहीना खान पत्नी मुबीन नईम खान	लोन एकाउंट नं. 31209630001118 31209610002295 लोन राशि रु. 25,23,000/-	अचल संपत्ति- अनुसूचित संपत्ति (भाग-'ए')- भूमि का वह पूरा टुकड़ा जो सर्वे नंबर 35/1 का हिस्सा है, जिसका कुल माप क्षेत्र 420 वर्ग फीट (39.033 वर्ग मीटर) है, तथा उस पर निर्माण सहित, मौजा कुदवारी, पुराना पी.एच. नंबर 22 और नया पी.एच. नंबर 80, अब्दुल कलाम वार्ड नंबर 74, विकास खंड पनागर, एन.बी. 04, आर.एन.एम. महाराजपुर (पुराना) और मदोताल (नया), तहसील अधारताल और जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है। सीमा- पूर्व में- उमा रायकवार की संपत्ति, पश्चिम में- विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर में- आलम फारिकी की संपत्ति, दक्षिण में- साइड रोड। अनुसूचित संपत्ति (भाग-%बी%)- भूमि का वह पूरा टुकड़ा जिसमें पुराने सर्वे नं. 176/3 और म्यूटेशन के बाद 176/3/5 का हिस्सा है, कुल माप क्षेत्र 675 वर्ग फीट (62.732 वर्ग मीटर), साथ में ग्राउंड फ्लोर पर 506 वर्ग फीट (47.026 वर्ग मीटर) का आरसीसी निर्माण, मौजा गोहलपुर, पुराने पी.एच. नं. 24/2 और नए पी.एच. नं. 29/1, एन.बी. 601, आर.एन.एम. जबलपुर-1, चितरंजनदास वार्ड नं. 39, ओम नगर, तहसील अधारताल और जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है। सीमा- पूर्व में- प्रेमलता की संपत्ति, पश्चिम में- उषा सोनी का घर, उत्तर में- सर्वे नं. 175, दक्षिण में- साइड रोड।	3-4-2025 और 11-4-2025	रु. 26,16,765.79 (रु. छब्बीस लाख सोलह हजार सात सौ पैंसठ और पैसा उन्यासी मात्र) 3-4-2025 तक

अतः कॉलम नं. 2 में कथित देनदार/ सह-देनदार/ गारंटर व बंधक को नोटिस दी जाती है व उनसे इस नोटिस प्रकाशन के 60 दिनों में सभी संबंधित देनदार/ सह-देनदार के खिलाफ कॉलम नं. 6 में दर्शाए अनुसार कुल राशि चुकाने को कहा जाता है. स्पष्ट है कि भावी ब्याज व अन्य राशियों सहित यदि कुल राशि, जो भुगतान तिथि तक देय हो, यदि वह नहीं चुकाई जाती है तो जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड कॉलम नं. 4 में कथित संपत्तियों पर सिक्योरिटी ब्याज के इंफोर्समेंट हेतु उचित कार्यवाही करने को बाध्य होंगे. नोट करें कि कानून के तहत उक्त फाइनेंशियल के देनदार/ सह-देनदार/ गारंटर/ बंधक के खिलाफ जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड को उपलब्ध ऐसे अधिकारों व उपायों के प्रति बगैर पूर्वाग्रह यह प्रकाशन किया जाता है. आप नोट करें कि उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (13) के अनुसार आपको सिक्योर्ड क्रेडिटर की पूर्व सहमति बिना बिक्री, लीज या अन्यथा उक्त सिक्योरिटी का निपटान करने या डील करने या ट्रांसफर करने से प्रतिबंधित/ निषेध किया जाता है.

दिनांक: 14/4/2025
स्थान: जबलपुर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
कृते जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड